Roll No. : | | | | | | | | | | |

कुल प्रश्नों की संख्या : **17+6+6=29** ]
Total No. of Questions : **17+6+6=29** ]

[ कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : **24**
[ Total No. of Printed Pages : **24**

# I-252301–B

## विषय : लेखाशास्त्र

## Subject : Accountancy

**समय : 3 घण्टे** ]
**Time : 3 hours** ]

[ **पूर्णांक : 80**
[ Maximum Marks : **80**

**सामान्य निर्देश :**
**General Instructions :**

(i) प्रश्न-पत्र तीन खण्डों में विभाजित है—(अ), (ब) एवं (स)।
Question paper is divided in three Sections–(A), (B) and (C).

(ii) खण्ड-(अ) के सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
All questions of Section–(A) are compulsory.

(iii) खण्ड (ब) एवं (स) में से कोई भी एक खण्ड हल करना है।
Solve any one Section from Sections (B) and (C).

(iv) प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्नों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखे जाने चाहिए।
Write all answers of each Section in same place.

(v) अधिकतम शब्द-सीमा का उल्लेख सिर्फ सैद्धान्तिक प्रश्नों के लिए है।
Maximum word-limit is only for the theoretical questions.



https://www.cgboardonline.com

## खण्ड-(अ) / Section-(A)

## साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन
## (Partnership Firms and Company Accounting)

**निर्देश** : खण्ड-(अ) के सभी प्रश्न सभी परीक्षार्थियों के लिए अनिवार्य हैं। प्रश्न क्रमांक 1 से 6 तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 1 शब्द या 1 वाक्य में देना है तथा वस्तुनिष्ठ प्रश्न भी हैं।

**Instruction** : All questions of Section-(A) are compulsory for all students. Question Nos. 1 to 6 are very short answer type questions carrying 1 mark each. Answer each question in 1 word or 1 sentence and also include objective type questions.

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न :**

**Objective type questions :**

**प्रश्न-1** आहरण पर ब्याज है : [1]

(अ) फर्म की हानि
(ब) साझेदारों की आय
(स) फर्म की आय
(द) इनमें से कोई नहीं

Interest on drawing is a/an :

(A) Loss of firm
(B) Income of partners
(C) Income of firm
(D) None of these

**प्रश्न-2** ख्याति संपत्ति है : [1]

(अ) मूर्त
(ब) अमूर्त
(स) चालू
(द) इनमें से कोई नहीं

Goodwill is :

(A) Tangible type of asset
(B) Intangible type of asset
(C) Current type of asset
(D) None of these



https://www.cgboardonline.com

प्रश्न-3 एक सामान्य साझेदारी में साझेदारों की अधिकतम संख्या हो सकती है : [1]

(अ) 10 (ब) 20

(स) 50 (द) 30

The maximum number of partners in a general partnership is :

(A) 10 (B) 20

(C) 50 (D) 30

प्रश्न-4 चालू खातों का शेष किस खाते में हस्तांतरित किया जाता है ? [1]

The balance of current accounts is transferred in which account?

प्रश्न-5 पूँजी संचय चिट्ठे में किस ओर दर्शाया जाता है ? [1]

Capital Reserve is shown in which side of Balance Sheet?

प्रश्न-6 जब जारी किए गए अंशों से अधिक संख्या में आवेदन पत्र प्राप्त हों, उस दशा को क्या कहा जाएगा ? [1]

When applications for shares received are more than shares actually to be issued, what is that situation known as?

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 7 से 10 तक लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 50 शब्द है।

Instruction : Question Nos. 7 to 10 are short answer type questions. Each question carries 3 marks. Maximum word-limit of answer is 50 words.

प्रश्न-7 साझेदारी के अनिवार्य विघटन से आप क्या समझते हैं ? समझाइए। [3]

What do you mean by compulsory dissolution of firm? Explain.



https://www.cgboardonline.com

प्रश्न-8 प्राची कंपनी लिमिटेड ने ₹ 100 वाले 10000 समता अंशों का निर्गमन ₹ 10 प्रति अंश प्रीमियम पर किया। आवेदन के समय सभी अंशों से प्रीमियम सहित सम्पूर्ण राशि प्राप्त हो गई।

कंपनी की पुस्तकों में आवश्यक पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए। [3]

Prachi Company Ltd. issued 10000 equity shares of ₹ 100 each at a premium of ₹ 10 each. The full amount including premium was received along with the application.

Give necessary Journal Entries in the books of the company.

प्रश्न-9 एक कंपनी ने ₹ 10 वाले 100 अंशों का हरण किया, जिस पर सुमन आबंटन राशि ₹ 6 प्रति अंश (₹ 1 प्रति अंश प्रीमियम सहित) तथा अंतिम याचना ₹ 3 प्रति अंश भुगतान करने में असफल रहा था।

कंपनी की पुस्तकों में हरण-संबंधी आवश्यक पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए। [3]

A company forfeited 100 shares of ₹ 10 each, on which Suman failed to pay allotment money of ₹ 6 per share (including premium ₹ 1 per share) and the final call money of ₹ 3 per share.

Pass necessary Journal Entries related to forfeiture in the books of the company.

प्रश्न-10 राँची लिमिटेड ने एक व्यवसाय ₹ 4,40,000 में खरीदा। क्रय मूल्य का भुगतान 6% ऋणपत्रों द्वारा किया गया और इस हेतु ₹ 4,00,000 के ऋणपत्र 10% प्रीमियम पर निर्गमित किए गए।

प्राची लिमिटेड की पुस्तकों में जर्नल के आवश्यक लेखे कीजिए। [3]

Ranchi Ltd. purchased a business for ₹ 4,40,000. The payment of purchase price was given through 6% debentures and for this purpose debentures of ₹ 4,00,000 were issued at 10% premium.

Show necessary Journal Entries in the books of the company.



https://www.cgboardonline.com

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 11 एवं 12 लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आन्तरिक विकल्प है।

**Instruction** : Question Nos. 11 and 12 are short answer type questions. Each question carries 4 marks. Each question has an internal choice.

**प्रश्न-11** पुनर्मूल्यांकन खाता तथा वसूली खाते में कोई चार अंतर लिखिए। [1+1+1+1=4]

Write any four differences between Revaluation Account and Realization Account.

***अथवा***

***OR***

औसत लाभ तथा अधिलाभ में अन्तर स्पष्ट कीजिए (कोई चार)।

Differentiate between Average Profit and Super Profit (any **four**).

**प्रश्न-12** नितीन, सचिन एवं नवीन एक फर्म में 5:3:2 के अनुपात में साझेदार हैं। साझेदारी संलेख के अनुसार नवीन को प्रति वर्ष कम-से-कम ₹ 20,000 लाभ के प्राप्त होते हैं। 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष का शुद्ध लाभ ₹ 60,000 था। लाभ-हानि नियोजन खाता बनाइए। [4]

Nitin, Sachin and Navin are partners in the ratio of 5:3:2 in a firm. As per the provision of partnership deed, Navin is to get a minimum profit of ₹ 20,000 per annum. The net profit for the year ended on 31st March, 2024 was ₹ 60,000.

Prepare Profit and Loss Appropriation Account.



https://www.cgboardonline.com

अथवा

*OR*

*A* और *B* एक फर्म में साझेदार हैं, जो लाभ-हानि का विभाजन बराबर अंश में करते हैं। उनकी स्थायी पूँजी क्रमशः इस प्रकार थी—*A* ₹ 80,000 व *B* ₹ 60,000। वर्ष 2019 में पूँजी पर ब्याज 6% के स्थान पर 5% की दर से क्रेडिट किया गया था।

त्रुटि सुधार हेतु आवश्यक समायोजन प्रविष्टि दीजिए।

*A* and *B* are partners in a firm sharing profits and losses equally. Their fixed capitals were *A* ₹ 80,000 and *B* ₹ 60,000, respectively. For the year 2019 interest on capital was credited @ 5% instead of 6%.

Give the necessary Adjusting Entry for rectification of error.

**निर्देश** : प्रश्न क्रमांक 13 से 15 तक दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आन्तरिक विकल्प है।

**Instruction** : Question Nos. 13 to 15 are long answer type questions. Each question carries 6 marks. Each question has an internal choice.

**प्रश्न-13** *A*, *B* एवं *C* साझेदार हैं, जो लाभ-हानि 3:2:1 के अनुपात में बाँटते हैं। उनकी पूँजी क्रमशः ₹ 6,000, ₹ 4,000 एवं ₹ 2,000 है। फर्म को 2014 में ₹ 4,500 का लाभ हुआ। *C* ₹ 500 प्रतिवर्ष वेतन पाने का अधिकारी है। साझेदारों द्वारा निजी उपयोग के लिए क्रमशः ₹ 1,000, ₹ 600 एवं ₹ 400 निकाले गए, जिन पर ब्याज क्रमशः ₹ 200, ₹ 100 और ₹ 140 हुए। लाभ-हानि नियोजन खाता एवं साझेदारों के पूँजी खाते बनाइए। [3+3=6]



https://www.cgboardonline.com

A, B and C are partners, sharing profit and loss in the ratio 3:2:1. Their capitals are ₹ 6,000, ₹ 4,000 and ₹ 2,000, respectively. The profit of the firm was ₹ 4,500 for the year 2014. C is entitled to get a salary of ₹ 500 per annum. Partners' drawings were ₹ 1,000, ₹ 600 and ₹ 400, respectively. Interest on drawing amounted to ₹ 200, ₹ 100 and ₹ 140, respectively.

Prepare Profit and Loss Appropriation Account and Partners' Capital Accounts.

***अथवा***

***OR***

एक फर्म का प्रथम वर्ष लाभ ₹ 2,00,000, दूसरे वर्ष का लाभ प्रथम वर्ष का दुगुना तथा तीसरे वर्ष का लाभ दूसरे वर्ष के लाभ का $1\frac{1}{2}$ गुना था।

ख्याति की गणना गत तीन वर्षों के औसत लाभ के $1\frac{1}{2}$ गुना से कीजिए। [6]

The first year profit of a firm is ₹ 2,00,000. The profit of the second year was twice that of the first year and the profit of the third year was $1\frac{1}{2}$ times that of the second year.

Calculate Goodwill by $1\frac{1}{2}$ times the average profit of last three years.



https://www.cgboardonline.com

**प्रश्न-14** *A* और *B* एक फर्म में समान साझेदार हैं। वे *C* को फर्म में नया साझेदार बनाने को सहमत हैं। 31 दिसम्बर, 2016 को उनका चिट्ठा निम्नलिखित है :

**चिट्ठा**

(31 दिसम्बर, 2016 तक)

| दायित्व | राशि (₹) | संपत्ति | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 10,000 | रोकड़ शेष | 2,000 |
| देय विपत्र | 8,000 | देनदार | 7,000 |
| पूँजी— (₹) | | स्कन्ध | 3,600 |
| *A* 6,000 | | फर्नीचर | 400 |
| *B* 4,000 | 10,000 | संयंत्र | 15,000 |
| | **28,000** | | **28,000** |

**समायोजन :**

*C* के प्रवेश के पूर्व निम्न समायोजन किए जाने हैं :

(i) फर्नीचर का मूल्य ₹ 250 दिखाना है।

(ii) संदिग्ध ऋणों हेतु देनदारों पर ₹ 300 का प्रावधान करना है।

(iii) ₹ 600 के विनियोग को पुस्तक में दर्शाना है (पहले यह पुस्तक में दर्शाया नहीं गया था)।

(iv) नया साझेदार *C* ₹ 4,000 पूँजी व ₹ 3,000 ख्याति के लिए लाता है।

उपर्युक्त सूचना के आधार पर पुनर्मूल्यांकन खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते बनाइए।

[3+3=6]

*A* and *B* are equal partners in a firm. They admitted *C* as a new partner.



https://www.cgboardonline.com

Their Balance Sheet on 31st December, 2016 is as follows :

**Balance Sheet**

(As on 31st December, 2016)

| Liabilities | | Amount (₹) | Assets | Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 10,000 | Cash balance | 2,000 |
| Bills payable | | 8,000 | Debtors | 7,000 |
| Capital– | (₹) | | Stock | 3,600 |
| | *A* 6,000 | | Furniture | 400 |
| | *B* 4,000 | 10,000 | Plant | 15,000 |
| | | **28,000** | | **28,000** |

**Adjustments :**

The following adjustments are to be done before *C*'s admission :

(i) Furniture valued at ₹ 250 is to be shown.

(ii) Create a provision for bad debts ₹ 300 on debtors.

(iii) Investment of ₹ 600 is to be shown in the book (previously not shown in the book).

(iv) *C* brings ₹ 4,000 as capital and ₹ 3,000 for goodwill.

On the basis of the above information, prepare Revaluation Account and Partners' Capital Accounts.

अथवा

***OR***



https://www.cgboardonline.com

*X*, *Y* एवं *Z* एक फर्म में साझेदार हैं, जो लाभ 3:2:1 के अनुपात में बाँटते हैं। उन्होंने 31 दिसम्बर, 2020 को फर्म का समापन किया। उनका चिट्ठा निम्नलिखित था :

**चिट्ठा**

(31 दिसम्बर, 2020 तक)

| दायित्व | | राशि (₹) | संपत्तियाँ | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 1,20,000 | स्थायी संपत्तियाँ | 2,00,000 |
| पूँजी— | (₹) | | चल संपत्तियाँ | 80,000 |
| *X* | 60,000 | | रोकड़ | 20,000 |
| *Y* | 60,000 | | | |
| *Z* | 60,000 | 1,80,000 | | |
| | | 3,00,000 | | 3,00,000 |

स्थायी सम्पत्तियों से उनके पुस्तक मूल्य से 10% कम वसूल हुए, लेनदारों को पूरा भुगतान किया गया। समापन व्यय ₹ 1,000 हुआ। एक संदिग्ध दायित्व के लिए, जिसकी पुस्तकों में कोई व्यवस्था नहीं थी, ₹ 1,000 का भुगतान किया गया।

वसूली खाता एवं साझेदारों के पूँजी खाते बनाइए।

*X*, *Y* and *Z* are partners in a firm. They share profit in the ratio of 3:2:1. They dissolved the firm on 31st December, 2020. Their Balance Sheet was as follows :

**Balance Sheet**

(As on 31st December, 2020)

| Liabilities | | Amount (₹) | Assets | Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 1,20,000 | Fixed Assets | 2,00,000 |
| Capital– | (₹) | | Current Assets | 80,000 |
| *X* | 60,000 | | Cash | 20,000 |
| *Y* | 60,000 | | | |
| *Z* | 60,000 | 1,80,000 | | |
| | | 3,00,000 | | 3,00,000 |



https://www.cgboardonline.com

Fixed assets were realized 10% less than its book value, the creditors were paid in full settlement. Realization expenses amounted to ₹ 1,000. A contingent liability for which no provision has been made in the books, paid ₹ 1,000.

Prepare Realization Account and Partners' Capital Accounts.

प्रश्न-15 भिलाई केबल लिमिटेड ने ₹ 100 वाले 2000, 5% ऋणपत्र 10% बट्टे पर निर्गमित किए। राशियाँ इस प्रकार माँगी गई :

आवेदन पर ₹ 30, आबंटन पर ₹ 50 तथा शेष याचना पर। समस्त ऋणपत्र पर आवेदन प्राप्त हुए तथा धनराशि पूर्ण रूप से प्राप्त हुई।

कम्पनी की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। [1+1+1+1+1+1=6]

Bhilai Cable Limited issued 2000, 5% debentures of ₹ 100 each at 10% discount. Amount payable as ₹ 30 on application, ₹ 50 on allotment and the balance on call. Applications were received for all debentures and all the money were duly received.

Pass Journal Entries in the books of the company.

***अथवा***

***OR***

गणेश लिमिटेड ने ₹ 10 वाले 10000 समता अंश ₹ 2 प्रति अंश प्रीमियम पर निर्गमित किए। राशि निम्न प्रकार देय थी :

आवेदन पर ₹ 3 प्रति अंश, आबंटन पर ₹ 5 (प्रीमियम सहित) प्रति अंश तथा शेष याचना पर। सभी राशि यथासमय प्राप्त हो गई।

कम्पनी की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।



https://www.cgboardonline.com

Ganesh Limited issued 10000 equity shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 2 per share. Amount payable as under :

On application ₹ 3 per share, on allotment ₹ 5 (including premium) per share and balance on call. All the money duly received.

Pass Journal Entries in the books of the company.

**निर्देश** : प्रश्न क्रमांक 16 एवं 17 संख्यात्मक प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 8 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आन्तरिक विकल्प है।

**Instruction** : Question Nos. 16 and 17 are numerical questions. Each question carries 8 marks. Each question has an internal choice.

**प्रश्न-16** *A* और *B* फर्म में साझेदार हैं। वे लाभ-हानि 3:1 के अनुपात में बाँटते हैं। 31 दिसम्बर, 2016 को उनका चिट्ठा निम्नलिखित है :

**चिट्ठा**

(31 दिसम्बर, 2016 तक)

| दायित्व | राशि (₹) | संपत्तियाँ | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 45,000 | देनदार | 20,000 |
| *A* का ऋण | 20,000 | विविध सम्पत्तियाँ | 70,000 |
| पूँजी— (₹) | | | |
| *A* 10,000 | | | |
| *B* 15,000 | 25,000 | | |
| | **90,000** | | **90,000** |



https://www.cgboardonline.com

इस तिथि को फर्म का विघटन हुआ। देनदारों से ₹ 15,000 एवं विविध सम्पत्ति से ₹ 60,000 वसूल हुए।

वसूली खाता तथा साझेदारों के पूंजी खाते बनाइए। [5+3=8]

*A* and *B* are partners in a firm, sharing profit and loss in the ratio of 3:1. Their Balance Sheet on 31st December, 2016 is as follows :

**Balance Sheet**
(As on 31st December, 2016)

| Liabilities | | Amount (₹) | Assets | Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 45,000 | Debtors | 20,000 |
| *A*'s Loan | | 20,000 | Sundry Assets | 70,000 |
| Capital– | (₹) | | | |
| *A* | 10,000 | | | |
| *B* | 15,000 | 25,000 | | |
| | | 90,000 | | 90,000 |

They decided to dissolve the firm on that date. From debtors realized ₹ 15,000 and sundry assets realized ₹ 60,000.

Prepare Realization Account and Partners' Capital Accounts.

***अथवा***

***OR***

*A*, *B* एवं *C* एक फर्म में साझेदार हैं। वे लाभ-हानि को क्रमश: $\frac{1}{2}$, $\frac{1}{3}$ एवं $\frac{1}{6}$ के अनुपात में विभाजित करते हैं। 31 दिसम्बर, 2023 को फर्म का वित्तीय स्थिति विवरण निम्नलिखित था :



https://www.cgboardonline.com

## चिट्ठा

(31 दिसम्बर, 2023)

| दायित्व | | राशि (₹) | संपत्तियां | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 19,000 | रोकड़ | 3,000 |
| देय बिल | | 5,000 | देनदार | 15,000 |
| संचित निधि | | 12,000 | अंतिम रहतिया | 25,000 |
| पूँजी खाते— | (₹) | | मोटरगाड़ी | 8,000 |
| *A* | 40,000 | | मशीनरी | 35,000 |
| *B* | 30,000 | | भवन | 45,000 |
| *C* | 25,000 | 95,000 | | |
| | | **1,31,000** | | **1,31,000** |

*B* ने व्यापार से 1 जनवरी, 2024 को अवकाश ग्रहण किया। आपको निम्नलिखित समायोजन करने हैं :

**समायोजन :**

(i) फर्म की ख्याति का मूल्य ₹ 18,000 लगाया गया है।

(ii) मशीनरी पर 10% तथा मोटरगाड़ी पर 15% ह्रास लगाना है।

(iii) स्कंध का मूल्य 20% से और भवन का मूल्य 10% से बढ़ाना है।

(iv) अशोध्य ऋण संचय के लिए ₹ 1,950 का प्रावधान करना है।

उपर्युक्त सूचना के आधार पर पुनर्मूल्यांकन खाता व *B* का पूँजी खाता बनाइए।

*A*, *B* and *C* are partners in a firm, sharing profits and losses in the ratio of $\frac{1}{2}$, $\frac{1}{3}$ and $\frac{1}{6}$, respectively. On 31st December, 2023 their Balance Sheet was as follows :



https://www.cgboardonline.com

## Balance Sheet

(As on 31st December, 2023)

| Liabilities | | Amount (₹) | Assets | Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 19,000 | Cash | 3,000 |
| Bills Payable | | 5,000 | Debtors | 15,000 |
| General Reserve | | 12,000 | Closing Stock | 25,000 |
| Capital Accounts- | (₹) | | Motor Vehicle | 8,000 |
| *A* | 40,000 | | Machinery | 35,000 |
| *B* | 30,000 | | Building | 45,000 |
| *C* | 25,000 | 95,000 | | |
| | | **1,31,000** | | **1,31,000** |

*B* retires from the business on 1st January, 2024. You have to make the following adjustments :

**Adjustments :**

(i) Goodwill of the firm is valued at ₹ 18,000.

(ii) Charge 10% depreciation on machinery and 15% depreciation on motor vehicle.

(iii) The value of inventory is to be increased by 20% and building by 10%.

(iv) Reserve for bad debts is to be created by ₹ 1,950.

Prepare Revaluation Account and *B*'s Capital Account on the basis of the above information.

प्रश्न-17 अजय कम्पनी लिमिटेड ने ₹ 10 वाले 8000 अंश ₹ 4 प्रति अंश प्रीमियम पर निर्गमित किए।

किश्तें इस प्रकार निश्चित की गईं—

₹ 4 आवेदन पर (₹ 1 प्रीमियम सहित)

₹ 3 आबंटन पर (₹ 1 प्रीमियम सहित)



https://www.cgboardonline.com

₹ 4 प्रथम याचना पर (₹ 1 प्रीमियम सहित)

₹ 3 द्वितीय एवं अंतिम याचना पर (₹ 1 प्रीमियम सहित)

सभी राशियाँ यथासमय प्राप्त कर ली गईं।

कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

[1+1+1+1+1+1+1+1=8]

Ajay Company Limited issued 8000 shares of ₹ 10 each payable at premium of ₹ 4 per share.

Installments were fixed as–

₹ 4 on application (including premium ₹ 1)

₹ 3 on allotment (including premium ₹ 1)

₹ 4 on first call (including premium ₹ 1)

₹ 3 on second and final call (including premium ₹ 1)

All the amounts were duly received.

Prepare necessary Journal Entries in the books of the company.

*अथवा*

*OR*

महेश लिमिटेड की अधिकृत पूँजी ₹ 5,00,000 है, जो प्रति ₹ 20 वाले 25000 अंशों में विभक्त है। कम्पनी ने 20000 अंशों को जनता में निर्गमित किया। राशि निम्नानुसार माँगी गई :

आवेदन पर ₹ 3 प्रति अंश, आबंटन पर ₹ 7 प्रति अंश, प्रथम याचना पर ₹ 5 प्रति अंश और अंतिम याचना पर ₹ 5 प्रति अंश। जनता से 18000 अंशों के लिए आवेदन पत्र प्राप्त हुए। सभी राशियाँ समय पर प्राप्त हो गईं।

कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

Mahesh Limited has authorized capital of ₹ 5,00,000 which is divided into 25000 shares of ₹ 20 each. Company issued 20000 shares to public. The amount was due as follows :



https://www.cgboardonline.com

₹ 3 per share on application, ₹ 7 per share on allotment, ₹ 5 per share on first call and ₹ 5 per share on final call. Applications received from the public for 18000 shares. All money were duly received.

Pass necessary Journal Entries in the books of the company.

## खण्ड-( ब ) / Section-(B)

## वित्तीय विवरणों का विश्लेषण

## (Analysis of Financial Statements)

**निर्देश** : प्रश्न क्रमांक 18 एवं 19 अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।

**Instruction** : Question Nos. 18 and 19 are very short answer type questions. Each question carries 1 mark.

**प्रश्न-18** मूर्त सम्पत्ति का उदाहरण है : [1]

(अ) भवन

(ब) पेटेंट

(स) ट्रेडमार्क

(द) कॉपीराइट

Example of tangible assets is :

(A) Building

(B) Patent

(C) Trademark

(D) Copyright

**प्रश्न-19** कार्यशील पूंजी क्या है ? [1]

What is a Working Capital?



https://www.cgboardonline.com

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 20 से 22 तक लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आन्तरिक विकल्प है।

**Instruction** : Question Nos. 20 to 22 are short answer type questions. Each question carries 4 marks. Each question has an internal choice.

**प्रश्न-20** निम्नलिखित विवरणों से प्रचालन से प्राप्त रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए : [4]

| विवरण | वर्ष 2022 (₹) | वर्ष 2021 (₹) |
|---|---|---|
| देनदार | 30,000 | 24,000 |
| अदत्त व्यय | 6,000 | 2,000 |
| पूर्वदत्त व्यय | 4,000 | 5,000 |
| लेनदार | 26,000 | 30,000 |

वर्ष 2022 के दौरान लाभ ₹ 50,000 हुआ।

Calculate cash flow from operating activities from the following information :

| Particulars | Year 2022 (₹) | Year 2021 (₹) |
|---|---|---|
| Debtors | 30,000 | 24,000 |
| Outstanding expenses | 6,000 | 2,000 |
| Prepaid expenses | 4,000 | 5,000 |
| Creditors | 26,000 | 30,000 |

Profit for the year 2022 is ₹ 50,000.

*अथवा*

***OR***



https://www.cgboardonline.com

निम्नलिखित विवरणों से प्रचालन से प्राप्त रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए :

| विवरण | वर्ष 2021 (₹) | वर्ष 2020 (₹) |
|---|---|---|
| लाभ-हानि के विवरण का शेष | 54,750 | 27,000 |
| व्यापारिक प्राप्तियाँ | 11,250 | 13,950 |
| अदत्त व्यय | 10,200 | 17,850 |
| पेटेंट | – | 18,000 |
| पूर्वदत्त व्यय | 14,000 | 12,000 |
| व्यापारिक देयताएँ | 32,000 | 44,000 |

Calculate cash flow from operating activities from the following information :

| Particulars | Year 2021 (₹) | Year 2020 (₹) |
|---|---|---|
| Balance of Profit and Loss Account | 54,750 | 27,000 |
| Trade receipts | 11,250 | 13,950 |
| Outstanding expenses | 10,200 | 17,850 |
| Patent | – | 18,000 |
| Prepaid expenses | 14,000 | 12,000 |
| Trade payables | 32,000 | 44,000 |

**प्रश्न-21** निम्नलिखित विवरणों से 31 मार्च, 2020 एवं 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष हेतु तुलनात्मक आय विवरण बनाइए : [4]

| | विवरण | वर्ष 2020 (₹) | वर्ष 2021 (₹) |
|---|---|---|---|
| 1. | बिक्री | 80,000 | 1,00,000 |
| 2. | बिक्री किए गए माल की लागत | बिक्री का 60% | बिक्री का 60% |
| 3. | अप्रत्यक्ष व्यय | सकल लाभ पर 10% | सकल लाभ पर 15% |
| 4. | आयकर की दर | 50% | 60% |



https://www.cgboardonline.com

Prepare Comparative Income Statement with the help of the following information for the year ended 31st March, 2020 and 31st March, 2021 :

| Particulars | | Year 2020 (₹) | Year 2021 (₹) |
|---|---|---|---|
| 1. | Sales | 80,000 | 1,00,000 |
| 2. | Cost of goods sold | 60% of Sales | 60% of Sales |
| 3. | Indirect expenses | 10% on Gross Profit | 15% on Gross Profit |
| 4. | Income tax rate | 50% | 60% |

***अथवा***

***OR***

निम्नलिखित विवरण से तरलता अनुपात ज्ञात कीजिए :

(i) स्टॉक ₹ 40,000

(ii) कार्यशील पूंजी ₹ 1,20,000

(iii) चल सम्पत्तियाँ ₹ 2,00,000

Find out Liquid Ratio (quick ratio or acid test ratio) from the following particulars : https://www.cgboardonline.com

(i) Inventories ₹ 40,000

(ii) Working Capital ₹ 1,20,000

(iii) Current Assets ₹ 2,00,000

**प्रश्न-22** रोकड़ प्रवाह विवरण के कोई चार लाभ समझाइए। [1+1+1+1=4]

Explain any four benefits of Cash Flow Statement.

***अथवा***

***OR***

रोकड़ प्रवाह विवरण की कोई चार सीमाएँ स्पष्ट कीजिए।

Explain any four limitations of Cash Flow Statement.



https://www.cgboardonline.com

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 23 दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न है। इस प्रश्न पर 6 अंक निर्धारित हैं। इस प्रश्न में आन्तरिक विकल्प है।

**Instruction** : Question No. 23 is long answer type question. This question carries 6 marks. This question has an internal choice.

**प्रश्न-23** वित्तीय विवरणों के विश्लेषण का महत्त्व समझाइए (कोई छः)।

[1+1+1+1+1+1=6]

Explain the importances of Financial Statement Analysis (any six).

***अथवा***

***OR***

एक आदर्श वित्तीय विवरण की विशेषताएँ समझाइए (कोई छः)।

Describe the characteristics of an Ideal Financial Statement (any six).

## खण्ड-(स) / Section-(C)

## कम्प्यूटर लेखांकन

## (Computer Accounting)

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 18 एवं 19 अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।

**Instruction** : Question Nos. 18 and 19 are very short answer type questions. Each question carries 1 mark.



https://www.cgboardonline.com

प्रश्न-18 प्रथम कम्प्यूटर किस सन् में चलन में आया था ? [1]

(अ) 1932

(ब) 1936

(स) 1934

(द) 1938

In which year did the first computer come into use?

(A) 1932

(B) 1936

(C) 1934

(D) 1938

प्रश्न-19 MS Excel किस सॉफ्टवेयर पर आधारित है ? [1]

MS Excel is based on which software?

**निर्देश** : प्रश्न क्रमांक 20 से 22 तक लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आन्तरिक विकल्प है।

**Instruction** : Question Nos. 20 to 22 are short answer type questions. Each question carries 4 marks. Each question has an internal choice.

प्रश्न-20 पे-रोल के घटकों को समझाइए (कोई चार)। [1+1+1+1=4]

Explain the components of Payroll (any **four**).



https://www.cgboardonline.com

अथवा

OR

इलेक्ट्रॉनिक स्प्रेडशीट की विशेषताओं का वर्णन कीजिए (कोई चार)।

Describe the characteristics of Electronic Spreadsheet (any four).

प्रश्न-21 कम्प्यूटर और कैलकुलेटर में अन्तर स्पष्ट कीजिए (कोई चार)। [1+1+1+1=4]

Explain the differences between Computer and Calculator (any four).

अथवा

OR

हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर में अन्तर स्पष्ट कीजिए (कोई चार)।

Explain the differences between Hardware and Software (any four).

प्रश्न-22 कम्प्यूटर के उपकरणों के नाम एवं उनका वर्णन कीजिए (कोई चार)। [1+1+1+1=4]

Write the names and description of Computer Equipments (any four).

अथवा

OR

कम्प्यूटर लेखांकन प्रणाली के दोषों को स्पष्ट कीजिए (कोई चार)।

Explain the limitations of Computer Accounting System (any four).



https://www.cgboardonline.com

**निर्देश** : प्रश्न क्रमांक 23 दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न है। इस प्रश्न पर 6 अंक निर्धारित हैं। इस प्रश्न में आन्तरिक विकल्प है।

**Instruction** : Question No. 23 is long answer type question. This question carries 6 marks. This question has an internal choice.

**प्रश्न-23** डाटाबेस प्रबंध प्रणाली के विभिन्न अनुप्रयोगों को समझाइए (कोई **छः**)।

[1+1+1+1+1+1=6]

Explain the various applications of Database Management System (any **six**).

*अथवा*

***OR***

लेखांकन सूचना प्रणाली की विशेषताओं का वर्णन कीजिए (कोई **छः**)।

Describe the characteristics of Accounting Information System (any **six**).

• • •



https://www.cgboardonline.com